myneta.info National Election Watch

ADR Association for Democratic Reforms

दिनांक: 05 अगस्त, 2020

बिहार विधान सभा चुनाव 2015 के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा एकत्रित धन और व्यय का विश्लेषण

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स
द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट

टी- 95, सी.एल. हाउस, II फ्लोर, गौतम नगर,
नियर गुलमोहर कमर्शियल काम्प्लेक्स,
नई दिल्ली – 110049
ईमेल : adr@adrindia.org ; फ़ोन- 011 4165 4200

सारांश

प्रस्तावना

- राजनीतिक दलों को अपने चुनाव खर्च का विवरण विधान सभा चुनाव की अंतिम तिथि से **75 दिन** के अंतर्गत चुनाव आयोग में जमा करना होता है |
- व्यय विवरण में चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों को प्राप्त कुल राशि (नकद, चेक और डी डी में) और दलों का खर्च विवरण (नकद, चेक, शेष बकाया राशि) होता है |
- चुनाव खर्च विवरण में राजनीतिक दलों को केंद्रीय मुख्यालय (**Central Headquarter**) और राज्य स्तर द्वारा किये खर्चों की राशि की जानकारी निम्नलिखित वर्गों में विभाजित हैं :
    - प्रचार
    - यात्रा खर्च
    - अन्य खर्च
    - उम्मीदवारों पर व्यय
- राजनीतिक दल चुनाव घोषणा तिथि तथा चुनाव समाप्ति तिथि के बीच प्राप्त धन की सूचना इस ब्यौरे में देते हैं | **यह अवधि चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के आधार पर तीन सप्ताहों से तीन महीनों के बीच हो सकती है** |
- यह विश्लेषण 2015 के **बिहार विधान सभा चुनाव** के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त धन राशि और उनके चुनावी खर्च का अध्ययन है : यह चुनाव साल 2015 के **सितम्बर** से **नवम्बर** महीनों में हुआ था |
- इस रिपोर्ट में **6 राष्ट्रीय दलों** और **9 क्षेत्रीय दलों** पर विचार किया गया है |

Status of Submission of expenditure statements by political parties during Bihar Assembly Elections, 2015 (Last date of submission: 26 January 2016)


S. No	Party Name	Party code	Date of submission	Central Headquarters	Bihar state unit	Delay in submission
1	Communist Party of India	CPI	1-Jan-16	Submitted	Submitted	-
2	Bahujan Samaj Party	BSP	8-Jan-16	Submitted	Submitted	-
3	Rashtriya Lok Samta Party	RLSP	8-Jan-16	Submitted	Submitted	-
4	Nationalist Congress Party	NCP	20-Jan-16	Submitted	Submitted	-
5	Lok Jan Shakti Party	LJP	20-Jan-16	Submitted	Submitted	-
6	All India Forward Bloc	AIFB	21-Jan-16	Submitted	Submitted	
7	Communist Party of India (Marxist)	CPI(M)	1-Feb-16	Submitted	Submitted	5 Days
8	Janata Dal (United)	JD(U)	4-Feb-16	Submitted	Submitted	8 Days
9	Bharatiya Janata Party	BJP	8-Feb-16	Submitted	Submitted	12 Days
10	Shivsena	SHS	12-Feb-16	Submitted	Submitted	16 Days
11	Samajwadi Party	SP	5-Mar-16	Submitted	Submitted	38 Days
12	Indian Union Muslim League	IUML	8-Mar-16	Submitted	Submitted	41 Days
13	Rashtriya Janata Dal	RJD	11-Mar-16	Submitted	Submitted	44 Days
14	Indian National Congress	INC	17-Mar-16	Submitted	Submitted	50 Days
15	Revolutionary Socialist Party	RSP	13-Apr-16	Submitted	Submitted	77 Days
16	All India Majlis-E-Ittehadul Muslimeen	AIMIM	22-Feb-16	Expenditure statement is not as per the prescribed format		26 Days


Status of Submission of expenditure statements by political parties during Bihar Assembly Elections, 2015 (Last date of submission: 26 January 2016)						
S. No	**Party Name**	**Party code**	**Date of submission**	**Central Headquarters**	**Bihar state unit**	**Delay in submission**
17	Jammu & Kashmir National Panthers Party	JKNPP	**Expenditure statements for Bihar Assembly Election, 2015 unavailable on website to ECI**			**4 Years and 6 Months and 10 Days**
18	Jharkhand Mukti Morcha	JMM				
19	National Peoples Party	NPEP				

चुनाव खर्च विवरण में दी गयी जानकारी

राजनीतिक दलों द्वारा घोषित एकत्रित धन और चुनावी खर्च


- इस रिपोर्ट में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय (बीजेपी, कांग्रेस, एनसीपी, बीएसपी, सीपीआई(एम), सीपीआई, आरएलएसपी, एलजेपी, एआईएफबी, जेडी (यू) , शिवसेना, समाजवादी पार्टी, आईयूएमएल, आरजेडी और आरएसपी) दल हैं |
- बिहार विधान सभा चुनाव 2015 के दौरान **एआईएफबी**, **आईयूएमएल** और **आरएसपी** ने केंद्रीय मुख्यालय और राज्य इकाइयों से कुछ भी धनराशि एकत्रित नहीं की थी |
- बिहार विधान सभा चुनाव 2015 में, **15 राजनीतिक दलों** ने कुल **रु 151.28 करोड़** एकत्रित किये और इन दलों का कुल व्यय **रु 150.99 करोड़** रहा |
- सभी राजनीतिक दलों ने कुल मिलाकर केंद्रीय मुख्यालय द्वारा **रु 130.45 करोड़** की आय जमा की और **रु 126.19 करोड़** का व्यय किया | बिहार राज्य इकाइयों से दलों ने **रु 24.80 करोड़** का व्यय घोषित किया था |
- **आईयूएमएल** और **आरएसपी** एकमात्र ऐसी पार्टियाँ हैं जिन्होंने चुनाव लड़ने के बावजूद केंद्रीय और राज्य इकाई स्तर पर कुछ भी **व्यय घोषित नहीं** किया था |





विभिन्न प्रमुखों के तहत राजनीतिक दलों का व्यय


- चुनाव खर्च विवरण में राजनीतिक दलों को केंद्रीय मुख्यालय और राज्य स्तर द्वारा किये खर्चों की राशि की जानकारी निम्नलिखित वर्गों में विभाजित हैं : प्रचार, यात्रा खर्च, अन्य खर्च और उम्मीदवारों पर व्यय |
- बिहार विधान सभा चुनावों 2015 के दौरान, राजनीतिक दलों ने **प्रचार** पर **रु 74.97 करोड़, यात्रा** पर **रु 59.32 करोड़**, **उम्मीदवारों** पर **रु 46.618 करोड़** और **अन्य खर्च** पर **रु 9.902 करोड़** का व्यय अपने चुनाव खर्च रिपोर्ट में घोषित किया है |
- व्यय के विभिन्न प्रमुखों के तहत **प्रचार** में सबसे अधिक **39.29%** और **यात्रा** पर **31.09%** का व्यय है |



राजनीतिक दलों का प्रचार पर खर्च

- प्रचार खर्च के तहत **मीडिया विज्ञापन**, **प्रचार सामग्री** और **जन सभा** शामिल हैं|
- बिहार विधान सभा चुनाव 2015 के दौरान, राजनीतिक दलों ने **मीडिया विज्ञापन** पर सबसे अधिक **रु 41.025 करोड़** खर्च किये, इसके बाद **प्रचार सामग्री** पर **रु 22.723 करोड़** और **सार्वजनिक बैठकों** पर **रु 11.22 करोड़** का खर्चा किया था|
- सभी राजनीतिक दलों द्वारा केंद्रीय मुख्यालय से **प्रचार** के माध्यम से कुल मिलाकर सबसे अधिक **रु 59.925 करोड़** का खर्च घोषित किया जो कुल ख़र्च का **79.93%** था इसके बाद बिहार राज्य इकाई से **रु 15.045 करोड़** या **20.07%** का व्यय घोषित किया था|


Total expenditure on Publicity	Expenses on Publicity during Bihar Assembly Election, 2015 (in Rs Cr)		Total
	Central Headquarter	Bihar State Unit	
Media Advertisement (Print & Electronic, bulk SMS, Cable, Website, TV channels etc.	40.515	0.51	**Rs 41.025 cr**
Publicity Materials (Posters, Banners, Badges, Stickers, Arches, Gates, Cut outs, Hoardings, Flags etc.	12.48	10.243	**Rs 22.723 cr**
Public Meetings	6.93	4.292	**Rs 11.22 cr**
Total	**Rs 59.925 cr**	**Rs 15.045 cr**	**Rs 74.97 cr**



राजनीतिक दलों का यात्राओं पर खर्च

- यात्रा खर्च में **स्टार प्रचारक** और '**पार्टी लीडर्स**' के यात्रा खर्च शामिल हैं|
- राजनीतिक दलों ने अपने **यात्रा** पर किये कुल खर्च में से **55.56%** या **रु 32.96 करोड़** अपने **स्टार प्रचारकों** पर और केवल **44.44%** या **रु 26.36 करोड़** अपने पार्टी के **नेताओं की यात्रा** पर खर्च किया था|
- **यात्रा** में केंद्रीय मुख्यालय से राजनीतिक दलों ने **91.40%** (रु 54.217 करोड़) खर्च किया और **बिहार राज्य इकाई** से दलों ने **रु 5.103 करोड़** (8.60%) का खर्च दिखाया था|

Total Election Expenditure on Travel	Bihar Assembly Election 2015 - Expenses on Travel (in Rs Cr)		Total
	Travel expenses of **Star campaigners**	Travel expenses of **Leaders**	
Central Headquarter	30.377	23.84	Rs 54.217 cr
Bihar State Unit	2.583	2.52	Rs 5.103 cr
Total	**Rs 32.96 cr**	**Rs 26.36 cr**	**Rs 59.32 cr**



एडीआर के अवलोकन

- **जेकेएनपीपी, जेएमएम** और **एनपीईपी** ने 2015 में बिहार विधान सभा चुनाव लड़ा था लेकिन इन दलों का चुनाव खर्च विवरण आज तक (4 साल 6 महीने 10 दिन के बाद भी) चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं है | जबकि चुनाव खर्च विवरण जमा करने की अंतिम तारीख **26 जनवरी 2016** थी |
- विभिन्न दलों द्वारा प्रस्तुत व्यय विवरणों के विश्लेषण से पता चलता है कि राजनीतिक दल आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप का पालन करने में विफल रही हैं जिसमें केंद्रीय और राज्य इकाइयों से प्राप्त धनराशि और व्यय का उल्लेख करना होता है |
- इस रिपोर्ट में **एआईएमआईएम** का व्यय विवरण का विश्लेषण नहीं किया गया है क्योंकि दल ने अपना व्यय विवरण निर्धारित प्रारूप के अनुसार नहीं दिया है |

एडीआर की सिफारिशें

- हाल ही में, 9 कार्यकारी समूहों (जिनमें राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और चुनाव आयोग के अन्य अधिकारी शामिल थे) ने चुनाव आयोग को अपनी सिफारिशें प्रस्तुत किये थे, जिनके बीच यह सुझाव दिया गया था कि राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव के लिए किए जाने वाले व्यय पर एक खर्चसीमा की आवश्यकता है | वर्ष 2015 में भी चुनाव आयोग ने कानून मंत्रालय को यह सिफारिश दी थी | एडीआर की सिफारिश है कि इस संबंध में कदम उठाये जाने चाहिए और समयबद्ध तरीके से तौर-तरीकों पर काम किया जाना चाहिए |

- सभी राजनीतिक दलों को अपने व्यय का विवरण चुनाव आयोग को निर्धारित समय सीमा के भीतर, दिए गए प्रारूप में प्रस्तुत करना चाहिए | समय पर या निर्धारित प्रारूप में जो राजनीतिक दल अपने चुनाव खर्च का विवरण प्रस्तुत नहीं करते है उनको सज़ा दी जानी चाहिए।
- उन सभी दानदाताओं की जानकारी और योगदान का ब्यौरा सार्वजनिक होना चाहिए जिन्होंने चुनाव अभियान के दौरान राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों को दान राशि दी हो |
- सभी राजनीतिक दलों को वार्षिक दान रिपोर्ट कि तरह चुनाव अवधि के दौरान प्राप्त चंदे का ब्यौरा चुनाव आयोग को जमा करना चाहिए जिससे वित्तीय पारदर्शिता और काले धन का असर कम हो |
- चुनाव आयोग द्वारा जारी किये गए पारदर्शिता दिशानिर्देशों के अनुसार, जहाँ तक संभव हो, चुनाव खर्च को चेक/डीडी/ बैंक ट्रांसफर के माध्यम से लेनदेन तक सीमित किया जाना चाहिए ताकि चुनाव में काले धन का उपयोग कम हो सके |
- जिस तरह से उम्मीदवारों के खर्च की निगरानी के लिए चुनाव आयोग के चुनाव समीक्षक होते हैं उसी तरह से राजनीतिक दलों के खर्च की निगरानी के लिए भी समीक्षक होना चाहिए |

अस्वीकरण

रिपोर्ट में इस्तेमाल (चुनावी खर्च विवरण) सभी जानकारी चुनाव आयोग के वेबसाइट में राजनीतिक दलों के पेज https://eci.gov.in/candidate-political-parties/expenditure-reports/expenditure-reports/से लिया गया है |

रिपोर्ट बनाते समय डाटा की सत्यता का पूरा ध्यान रखा गया है | यदि रिपोर्ट में दी गयी जानकारी में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई त्रुटि पायी जाती है तो राजनीतिक दलों द्वारा जमा किये गए चुनावी खर्च विवरण ही ठीक माना जायेगा | एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म और उनके स्वंयसेवक जिम्मेदार नही होंगे |

सम्पर्क

स्टेट कोऑर्डिनेटर

Mr. Rajiv Kumar
+91-93343-76048
+91-96319-76889
rajivkumar_patna@rediffmail.com

नेशनल इलेक्शन वाच (NEW) और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR)

Media and Journalist Helpline +91 80103 94248 Email: adr@adrindia.org	Maj Gen Anil Verma (Retd) Head - NEW & ADR +91 8826479910 anilverma@adrindia.org	Prof Jagdeep Chhokar IIM Ahmedabad (Retd) Founder Member- NEW & ADR +919999620944 jchhokar@gmail.com	Prof Trilochan Sastry IIM Bangalore Founder Member – ADR & NEW +919448353285, tsastry@gmail.com